तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026



15 सुशासन तिहार से ग्रामीणों में शासन के प्रति बढ़ा विश्वास





16 बिना एक्सपायरी डेट वाला बोतलबंद पानी बन रहा खतरा..







## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


लगातार माहू, ब्लास्ट जैसी समस्या से निबटने के लिए कृषि विभाग ने की प्लानिंग

# तरंगिनी और चंद्रा से बेहतर उत्पादन लेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



इस बार कृषि विभाग नई बीज तरंगिनी और चंद्रा को प्रमोट कर रहा है। इसके साथ स्वर्णा और अन्य वैरायटी के बीज भी उपलब्ध हैं, लेकिन बेहतर उत्पादन और माहू, ब्लास्ट जैसी बीमारियों के प्रति सहनशील होने के कारण किसानों को इस वैरायटी का उत्पादन लेने की सलाह दी जा रही है। बीज निगम में इस वैरायटी के धान बीज का पर्याप्त स्टाक है।

पिछले कई साल से किसान माहू के प्रकोप से परेशान हैं। फसल पकने के स्टेज में रस चूसक कीट माहू का आक्रमण होता है। कई बार दवा छिड़काव के बाद भी यह प्रकोप कम नहीं होता है। स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग इस बार स्वर्णा की जगह एमटीयू 1156 यानी तरंगिनी और एमटीयू 1153 यानी चंद्रा वैरायटी के धान को प्रमोट कर रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वैरायटी की फसल 120-125 दिन में तैयार हो जाती है। स्वर्णा धान से 20-25 दिन पहले इसकी कटाई हो जाती है। दोनों ही बीज आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विकसित किया गया है। इसे आंध्रप्रदेश के मरूतेरू राइस रिसर्च स्टेशन द्वारा विकसित किया गया है। स्वर्णा धान के विकल्प के रूप में विक्रम टीसीआर को प्रमोट किया जा रहा है। धान बीज 130-140 दिन में तैयार हो जाता है, जो लगभग स्वर्णा के समान है। ज्यादा पानी भरने वाले खेतों में इस वैरायटी का उपयोग किया जा सकता है। यह वैरायटी छत्तीसगढ़ के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा डेवलप किया गया है।

### भरपूर मात्रा में बीज उपलब्ध

इस साल किसानों को 12 हजार क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। डिमांड के अनुसार करीब 900 क्विंटल स्वर्णा धान का बीज स्टोर कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त एमटीयू 1010, 1001, 1156, 1153 आईआर 64 वैरायटी का धान बीज उपलब्ध कराया जाएगा। कुछ बीज लैब टेस्ट के लिए रूके हुए हैं। लैब से ओके रिपोर्ट आने के बाद इस बीज का वितरण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस साल जरूरत से ज्यादा करीब 18000 क्विंटल बीज भंडारण कर लिया जाएगा। बाकी बीज को दूसरे जिलों में सप्लाई किया जाएगा।

# खाद-बीज की किल्लत, किसान यूनियन ने की आवाज बुलंद



■ तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने खाद, बीज उपलब्ध कराने सहित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा है।

सोमवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष घनाराम साहू, सुदर्शन सिंह ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, हनुमान सिन्हा सहित अनेक किसानों ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि किसानों ने खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी है। सोसाइटियों में पर्याप्त खाद बीज की व्यवस्था नहीं है। खुले बाजार में महंगे दाम पर खाद बीज खरीदने को मजबूर हैं। नकली खाद-बीज बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है। नकली खाद बीज पर तत्काल कार्रवाई तथा सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

आगे कहा कि कई किसान व्यावसायिक बैंक से ऋण लेते हैं। इस कारण उन्हें सोसाइटियों में खाद नहीं मिल पाती है। मजबूरी में खुले बाजार में महंगे दाम पर खाद बीज लेना पड़ता है। किसानों को पूर्व की भांति किसान राइस मिल में खाद बीज उपलब्ध कराने, बरसात से पहले सिंचाई के लिए नहरों, बांधों की मरम्मत करने एवं वार्ड एवं पंचायतों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था, प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया, 1 बोरी डीएपी की लिमिट बिना गोबर कम्पोस्ट खाद के बिना अपर्याप्त है। कम्पोस्ट खाद की व्यवस्था करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान यूनियन के राजू साहेब, ज्ञानीराम, पूरनलाल, अमरीश यादव, महिपाल साहू, भुवन लाल, मनहरण साहू, भास्कर मिश्रा, देवनारायण, पवन साहू, जितेन्द्र कुमार, दीनदयाल मौजूद थे।

# चुनाव ड्यूटी से लौटे सीएएफ जवान ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

असम व पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी से वापस अपने किराये के मकान में लौटे सीएएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार जागेश्वर प्रसाद ठाकुर पिता संतराम उम्र 37 वर्ष ग्राम भटगांव थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी छग शासन बल की 10वीं बटालियन में पदस्थ था। जवान बीते 7-8 वर्ष से अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ महिमासागर वार्ड स्थित सपना पिंक सिटी कालोनी में किराए के मकान में रह रहा था। उसका ससुराल ग्राम कानीडबरी है। इन दिनों जवान सीएफ रायपुर में पदस्थ था। बीते मार्च माह में सीएएफ के जवानों को असम व पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी में भेजा गया था जिसमें जागेश्वर भी शामिल था। चुनाव होने के बाद फोर्स की वापसी हुई, जो 2 मई की शाम 4 बजे रायपुर पहुंची थी जिसके बाद सभी जवानों को पांच दिन का रेस्ट दिया गया। जागेश्वर भी छुट्टी में 5 मई को धमतरी आ गया। जवान अपने मूलगांव भटगांव चला गया। वहां जागेश्वर शराब सेवन कर लड़ाई झगड़ा कर रहा था जिसकी जानकारी छोटे भाई ललित ठाकुर ने जागेश्वर की पत्नी को फोन पर दी। उसके बाद जागेश्वर धमतरी अपने किराये के मकान में आ गया। परिजनों ने बताया कि जागेश्वर शराब पीने का आदी था। बताया गया कि रविवार को जागेश्वर का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया जिसके कारण पत्नी तीनों बच्चों को लेकर अपने रिश्तेदार के घर चली गई। इसी बीच उसकी पत्नी ने मंझले देवर त्रिभुवन ठाकुर को फोन कर कहा कि उसका पति विवाद करने लगा है। आकर समझाने के लिए कहा। पत्नी के जाने के बाद रविवार की शाम जवान ने सपना पिंक सिटी के किराए के मकान में गमछा का फंदा बना सिलिंग पर लगे पंखे के हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंझले भाई ने जब जागेश्वर को फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते सभी परिजन किराए के मकान में पहुंचे और दरवाजे में दस्तक दी। कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर घर के पीछे खिड़की से देखा तो जागेश्वर फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से उतार वरदान एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।



■ सपना पिंक सिटी में किराए के मकान में रहता था




## खबर संक्षेप



### बरगद के पत्तों पर उकेरा मातृत्व का भाव

**नगरी।** मदर्स डे के अवसर पर बरगद के पत्तों पर मां और बच्चों की सुंदर आकृतियां उकेरी गई हैं। इस विशेष लीफ आर्ट में एक मां अपने बच्चों को दोनों हाथों से उठाकर स्नेह और ममता भरी नजरों से निहारते हुए दिखाई गई है। यह कलाकृति मातृत्व, प्रेम और अपनत्व का भावपूर्ण संदेश देती है। इस आकर्षक लीफ आर्ट को ग्राम मोदे निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने अपनी रचनात्मक कला से तैयार किया है। उनकी इस अनूठी कला को क्षेत्र में काफी सराहना मिल रही है। मदर्स डे पर बनाई गई यह कलाकृति मां के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण का सुंदर प्रतीक बन गई है।

### श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगर निगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा। अधीक्षक श्रीमती उमा देवांगन अथवा शाला प्रवेशांक प्रभारी बसंत कुमार साहू से सम्पर्क कर सकते हैं।

### पंचायतों में राजमिस्त्री प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 तक



**सांकरा।** कौशल विकास योजना के अंतर्गत ग्राम सांकरा (नगरी) में राजमिस्त्री (आरपीएल) प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद श्रम विभाग की ओर से मानदेय राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण के लिए ग्राम सांकरा, हिंछापुर, बोड़रा, भोथली, नवागांव, महुआबाहरा, रानीगांव, अंजनीपारा, खम्हरिया, मोदे, सारंगपुरी, मल्हारी, उमरगांव सहित आसपास के गांवों के इच्छुक महिला एवं पुरुष आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास संगठित श्रम कार्ड होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आधार कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 16 मई तक अपने ग्राम पंचायत में आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

## निधन

### निर्मला बाई पटेल

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी वार्ड क्रमांक 3 निवासी



निर्मला बाई पटेल उम्र 50 वर्ष का 10 मई को निधन हो गया। वे कृष्णा पटेल की पत्नी व प्रेमशंकर, दामिनी, गामिनी की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सार्वजनिक भवन और किराए के मकानों में संचालित हो रहे निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड में 28 अधिक स्कूल संचालित हो रहे हैं लेकिन नगरी सिहावा क्षेत्र में कई प्राइवेट स्कूल बिना निर्धारित मापदंड के चल रहे हैं। कई स्कूल सार्वजनिक भवन तो कुछ गांव की गलियों में किराए के मकान में संचालित हो रहे हैं। इससे बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमों को दरकिनार कर चल रहे इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिल रहा है।

नगरी क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त मैदान भी नहीं है। शिक्षा के साथ खेलकूद को भी अनिवार्य माना जाता है, लेकिन यहां बच्चों को लंच के समय चारदीवारी के भीतर एवं गांव के गलियों तक ही सीमित कर दिया गया जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है।

## नगरी सिहावा क्षेत्र में बिना मापदंड के प्राइवेट स्कूल, बच्चों की सुरक्षा और भविष्य पर खतरा

### वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

सबसे चिंताजनक स्थिति स्कूल वाहनों की है। छात्र-छात्राओं को लाने-ले जाने वाले कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। न तो वाहनों में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण हैं और न ही कई जगहों पर ओवरलोडिंग पर रोक दिखाई देती है। कई वाहन बिना फिटनेस और आवश्यक दस्तावेजों के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना रहता है।




### स्कूलों में योग्य शिक्षकों की कमी

कई स्कूलों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों का अभाव है। कम वेतन पर अप्रशिक्षित शिक्षकों के भरोसे बच्चों का भविष्य सौंपा जा रहा है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सीधा असर पड़ रहा है और विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा कमजोर हो रही है।

### नियमों का पालन नहीं, प्रशासन खामोश

शासन द्वारा निजी स्कूलों के संचालन के लिए दिशा-निर्देश तय किए गए हैं, लेकिन नगरी सिहावा क्षेत्र में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए भारी फीस दी जाती है लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। शासन-प्रशासन को ऐसे स्कूलों की जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### जानकारी डीईओ को दी गई : बीईओ

इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि किसी भी विद्यालय को मान्यता प्रदान करने से पहले जांच के लिए टीम गठित की जाती है। टीम द्वारा सभी आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा मानकों एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद ही जिला स्तर से अनुमति प्रदान की जाती है। संबंधित मामले की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कसावाही में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रशासन गंभीर

# ग्रामीणों ने गर्मी में धान की फसल नहीं लेने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा धमतरी विकासखंड के ग्राम पहुंचे और गांव में पेयजल व्यवस्था तथा ग्रामीणों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांव के बरगद एवं नीम के पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों, किसानों एवं महिलाओं से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्राम में पिछले कुछ दिनों से पेयजल संकट की जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके निराकरण हेतु प्रशासन द्वारा तत्काल बोर खनन कराया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को तात्कालिक राहत मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पेयजल समस्या का स्थायी निराकरण किया जाएगा।

ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संरक्षण और भू-जल स्तर बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने



किसानों से अपील की कि आगामी वर्ष से ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल लेने से बचें, क्योंकि अत्यधिक जल दोहन के कारण भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है। कलेक्टर की अपील पर ग्रामीणों एवं किसानों ने अगले वर्ष से गर्मी में धान की खेती नहीं करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की सामूहिक शपथ ली।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मुर्गी एवं बकरी पालन के लिए किया प्रेरित

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर मुर्गीपालन, बकरीपालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने इच्छुक महिलाओं को व्यक्तिगत स्तर पर भी मुर्गी पालन एवं बकरी पालन अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों को गर्मी में धान के स्थान पर सब्जी-भाजी, रागी एवं औषधीय फसलों जैसी कम पानी वाली वैकल्पिक खेती अपनाने की सलाह दी। कलेक्टर ने गांव के साफ़-सुथरा होने पर ग्रामीणों की तारीफ़ की। उन्होंने स्वच्छता सम्मान राशि भेंट की। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन एवं स्कूल भवन में निर्माणाधीन शेड कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प



भाजपा मेघा मंडल की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

भाजपा मेघा मंडल के तत्वावधान में मंडल कार्यसमिति की बैठक विश्राम भवन, हसदा में हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर चर्चा की गई। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान मंडल प्रभारी श्याम साहू, मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, कार्यक्रम मंडल प्रभारी होरीलाल साहू, सह प्रभारी डगेश्वर सोनकर, जिला सभापति मीना साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष हृदय साहू, महामंत्री प्रीतराम देवांगन, कुशलकान्त साहू, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, मंत्री चंद्रहास साहू, राजेश साहू, सरिता कश्यप, नंदनी साहू, विनीत साहू, अनीता देशमुख, विद्या दुर्गेश यादव, ईश्वरी साहू, राजेश्वरी पटेल, केंवरा साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

## जोरातराई में हुई कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक



बूथ कमेटी के गठन पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ब्लॉक के ग्राम जोरातराई (नवीन) स्थित बूथ क्रमांक 160, मंडल मंदरौद में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के निर्देशानुसार ब्लॉक कमेटी के नेतृत्व में हुई, जिसमें बूथ एवं वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में बूथ वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में आगामी रणनीति एवं संगठन विस्तार को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर, जिला सचिव कामराय साहू, ब्लॉक संगठन महामंत्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, ब्लॉक महामंत्री खेदूराम साहू, श्रीमती पन्ना साहू, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष भीखम यादव, वरिष्ठ नेता कांशीराम कंवर एवं सेक्टर अध्यक्ष कुलदीप कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देवब्रत ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम डोंगरीपारा के देवब्रत नाग पिता किशन नाग ने अंबिकापुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर पूरे गांव, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। सीमित संसाधनों के बीच कठिन मेहनत, लगन और निरंतर संघर्ष के दम पर हासिल की गई यह सफलता आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि देवब्रत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया।

इस उपलब्धि पर समाजसेवी रामाराव बघेल ने कहा कि गांव का बेटा डॉक्टर बनकर पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बना है। उन्होंने कहा कि



शिक्षा और मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। देवब्रत की सफलता आने वाली पीढ़ी को नई दिशा देगी।

इस अवसर पर सरपंच उषा किरण, उपसरपंच सुनील सिहासर, समाजसेवी रामाराव बघेल, विकल गुप्ता, शैलेन्द्र धेनुसेवक, बलदेव निषाद, विश्वभर कश्यप, कैलाश नाग, अभिमन्यु निषाद, देवेन्द्र साहू, जवाहर नाग, अनिल, शत्रुघ्न, अमृत, दयाराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने देवब्रत नाग को शुभकामनाएं दीं।

## सत्यता का ज्ञान परमात्मा ही देते हैं : सरिता





- जी-जामगांव में सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जी-जामगांव द्वारा सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन ग्राम मड़ेली के बाजार चौक राम मंदिर भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के छठवें दिन मुख्य वक्ता धमतरी जिले की मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी, बीके साधना, बीके संगीता दीदी उपस्थित थीं। स्वागत गीत डिंपल साहू ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर बीके सरिता ने कहा कि बड़े भाग्य से मनुष्य का जीवन मिला है। मनुष्य के जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए, सद्गति को प्राप्त करने के लिए ज्ञान की आवश्यकता है। ज्ञान सुनने के लिए ज्ञान के स्थान तक पहुंचना होता है। उस स्थान की ऊर्जा इतना पवित्र होता है जहां पर परमात्मा के महावाक्य होते हैं। आगे कहा कि मनुष्य को ऐसा संग करना चाहिए जहां पर ज्ञानामृत का पान मिलता हो। आगे कहा कि जैसे शास्त्र में बताया गया है कि भागीरथ ने कठोर तप के बल से गंगा को धरती पर लाए और अनेक आत्माओं को पापों से मुक्त कराया। आज संसार में धर्मग्लानि का समय चल रहा है।

बीके संगीता ने कहा कि दीदी का शुभ संकल्प था कि ग्राम मड़ेली में राजयोग शिविर का आयोजन हो ताकि कोई परमात्मा के ज्ञान से वंचित न रहे। बीके पुष्पराज ने मंच संचालन करते हुए कहा कि संसार की हालत अंतिम की ओर इशारा कर रहा है। इसलिए ज्ञान को सुने, समझे और अपने जीवन में धारण करें।

## मरार समाज ने भवन निर्माण के लिए सांसद को मांगपत्र सौंपा

# युवाओं को नशापान से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मरार पटेल समाज नगरी राज का वार्षिक महासम्मेलन बस्तर, ओडिशा सीमा से लगे ग्राम बनियाडीही में हुआ। मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग थे। विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, अकबर कश्यप, प्रेम लता नागवंशी, हुमित लिमजा, मोहन पुजारी थे। कार्यक्रम में नगरी राज के सभी 13 क्षेत्र के सामाजिक बंधु सम्मिलित हुए। समाज के प्रतिभावान छात्र





छात्राओं को नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री नाग ने समाज को संगठित रहने एवं युवाओं को नशापान से दूर रहने का संदेश दिया। महासम्मेलन में सामाजिक उत्थान पर चर्चा की गई। समाज के सभी वर्ग के विकास के लिए कार्ययोजना बनाई जायेगी। समाज के 75 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ महिला पुरुषों का सम्मान किया गया। सामाजिक नियमावली के पालन पर जोर दिया गया। मरार समाज ने बनियाडीही में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख का मांग पत्र सांसद को दिया जिसे मुख्य अतिथि द्वारा पूरा करने का आश्वासन दिया। मरार पटेल समाज के अध्यक्ष वामदेव कौशल ने आभार व्यक्त किया। मौके पर विजय कौशल, कृपाराम पटेल, बृजलाल पटेल, सौभाग्य पटेल, ललित राम कौशल, निर्मलकुमार पटेल, भागीरथी पटेल, राजकुमार माली, चैन सिंह, किशन पटेल, रमेश पटेल, केशकुमार पटेल, ओशित पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कौशल ने दी।

## अंचल की खबरें

### नए कृषि उत्पादन आयुक्त से अधिकारी संघ ने की मुलाकात





**जीजामगांव।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा, प्रांतीय महामंत्री मोहित जैन एवं अन्य सदस्यों ने कृषि मंत्रालय के पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार एवं नए कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व अधिकारी को विदाई देते हुए कर्मचारी हित में किए गए उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। शहला निगार ने भविष्य में भी सदैव सहयोग करने का विश्वास दिलाया। इसी तारतम्य में नए कृषि उत्पादन आयुक्त कोमल सिंह परदेशी का स्वागत किया। श्री परदेशी ने आगामी दिनों में संगठन के विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श करने की बात कही। मौके पर संघ के गोविंद गिरी गोस्वामी, योगेश वर्मा एवं प्रवीण कुमार भी उपस्थित रहे।

### मड़ईभाठा के खंबा तालाब में बनेगी पचरी



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत मड़ईभाठा के खंबा तालाब में पचरी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि देहुति साहू सभापति महिला एवं बाल विकास जनपद पंचायत धमतरी थीं। अध्यक्षता सरपंच चंद्रेश चांद ने की। मुख्य अतिथि देहुति साहू ने कहा कि गांव का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। तालाब हमारी ग्रामीण संस्कृति और जल संरक्षण का मुख्य स्रोत है। विशिष्ट अतिथि मुरारी यदु प्राथमिक कृषि साख समिति कुर्रा, अमर राव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, महेश राम यादव ग्राम पटेल, शांतनु राव, धर्मेंद्र साहू, खोमन प्रजापति, गणेश यादव, बृज बाई साहू, नंदकुमार ध्रुव, डोमलाल सेन थे। सरपंच चंद्रेश वीरेंद्र चंद ने बताया कि पचरी का जीर्णोद्धार ग्रामीणों की पुरानी मांग थी जो अब पूरी हो रही है। इस दौरान सचिव राजेश गायकवाड़, रोजगार सहायक उमेशकली देवांगन, उपसरपंच मन्नू लाल ध्रुव समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 9वीं में युक्तिका व 11वीं में पोमेश प्रथम



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में कक्षा नवमी व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी का परीक्षाफल 60 प्रतिशत एवं 11वीं का 87 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम की घोषणा शाला विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वर राव वाकडे, सदस्य लोमन कंवर, मनीष कश्यप, प्राचार्य डीएल साहू की उपस्थिति में हुई। अतिथियों ने असफल छात्र-छात्राओं को दोगुने उत्साह के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने प्रेरित किया। कक्षा नवमी में प्रथम युक्तिका ध्रुव 90.6 प्रतिशत , द्वितीय अंजलि साहू 90 प्रतिशत, तृतीय महिमा ध्रुव 88.3 प्रतिशत, कक्षा ग्यारहवीं में पोमेश साहू 93.8 प्रतिशत, द्वितीय प्रीति साहू 89.4 प्रतिशत, तृतीय सुनैना साहू 88.2 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार गुरु, चैतराम साहू, बालकृष्ण साहू, वासुदेवकुमार सोनबेर, संतोषराव जगताप, रविंद्र कुमार बंधे, नरेश कुमार, मानसिंह जांगड़े, अनिल कुमार साहू, हरिश्चंद्र सिंह नेताम, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार साहू एवं आभार व्यक्त वासुदेव कुमार सोनबर ने किया।

### 16 को वट सावित्री व्रत, शनि जयंती और पितृ अमावस्या



**कोर्रा-भखारा।** कोर्रा-भखारा क्षेत्र में विप्र विद्वान परिषद एवं तहसील ब्राह्मण समाज भखारा के विद्वानों ने जानकारी दी है कि इस वर्ष ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर 16 मई शनिवार को वट सावित्री व्रत, शनि जयंती तथा पितृ अमावस्या का पर्व श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया जाएगा। परिषद के मदन शर्मा, यशवंत शुक्ला सेमरा, राम अवतार तिवारी, जगदीश्वर शर्मा कोर्रा, विजय शर्मा सेमरा, विनोद चौबे, सोम दुबे रामपुर, योगेश्वर उपाध्याय, ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील तिवारी गुजरा, रोशन मिश्रा सिहाद, द्वारिका प्रसाद शर्मा, पंकज शर्मा भखारा, मुरलीधर दीवान, लेखराज शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, कचना मढ़ेली, मनोज अवस्थी कोसमर्रा, राजा पाठक भोथीपार तथा संतोष पाठक रांवा ने बताया कि अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5:11 बजे से प्रारंभ होकर 17 मई रविवार रात्रि 1:33 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील तिवारी ने बताया कि सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए वट वृक्ष की पूजा कर सत्यवान-सावित्री कथा का श्रवण करेंगी। वहीं शनि जयंती पर श्रद्धालु शनिदेव को काला तिल, तेल एवं उड़द अर्पित करेंगे। पितृ अमावस्या पर पितरों की शांति हेतु तर्पण, दान-पुण्य और पीपल पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।

**खबर संक्षेप**

## धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का कड़ाई से पालन हो : गौरव



**धमतरी।** भाजपा शहर मंडल महामंत्री गौरव मगर ने कहा कि देश एवं प्रदेश में सामाजिक समरसता, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का कड़ाई से पालन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम लागू होने एवं कुछ स्थानों में कार्रवाई होने के बाद भी अगर धमतरी में अवैध धर्मान्तरण और अवैध चंगाई सभा चल रही है तो यह जिला प्रशासन के लिए चिंतनीय विषय है। देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे मामलों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन अवैध घुसपैठ और फर्जी दस्तावेज़ों पर सख्ती से रोक लगाएं। श्री मगर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करते हुए कानून का पालन सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम एवं अवैध घुसपैठ के लिए बने प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि सामाजिक सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारा बना रहे।

## घायल महिला की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थाना में बिना नंबरी मर्ग डायरी पेश होने पर असल नंबरी मर्ग कायम किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम गण्डाबेड़ा निवासी 96 वर्षीय सताय बाई मंडावी पति स्व. श्रीराम मंडावी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 26 अक्टूबर को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सोलर ड्यूल पंप की तत्काल मरम्मत की

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत डोडकाएनहूर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप स्थापित किया गया है, उक्त संयंत्र के खराब होने की जानकारी मिलने पर क्रेडा विभाग के मैकेनिक द्वारा तत्काल संयंत्र को सुधार कर सुचारू रूप से क्रियाशील कर दिया गया है।

# 250 सीटर आदिवासी बालक छात्रावास में 120 सीटें खाली, पात्र छात्र वंचित

- ग्रामीणों व समाजसेवियों ने विशेष प्रवेश जागरुकता अभियान चलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड मुख्यालय में शासन द्वारा आदिवासी समाज के गरीब, जरूरतमंद एवं दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का निर्माण वर्ष 2020- 2021 में कराया गया था।

लेकिन वर्तमान स्थिति शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में केवल 130 छात्र ही उपस्थित रहे, जबकि लगभग 120 सीटें खाली पड़ी रहीं। इससे पहले वर्ष 2024 में भी करीब 100 सीटें रिक्त थीं। लगातार बड़ी संख्या में सीटों का खाली रहना यह दर्शाता है कि छात्रावास की सुविधा का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब शासन द्वारा इतनी बड़ी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, तो उसका पूरा लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए। छात्रावास की खाली सीटों को भरना बेहद आवश्यक है। समाजसेवियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि नए शिक्षा सत्र में छात्रावास की सभी सीटों को भरने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। गांव-गांव तक सूचना पहुंचाई जाए, पात्र विद्यार्थियों की पहचान कर शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाए तथा अभिभावकों को छात्रावास की सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाए।

### वनांचल के विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा छात्रावास का लाभ



#### कई छात्र किराए के मकान में रहकर कर रहे पढ़ाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दूरस्थ गांवों में समय रहते सही जानकारी पहुंचाई जाए और विद्यार्थियों के पालकों को छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाए, तो अधिक संख्या में छात्र यहां प्रवेश ले सकते हैं। वनांचल क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी छात्र शिक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई विद्यार्थियों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। कई छात्रों को किराए के मकानों में रहकर अपनी जेब से अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।

### सिवनीकला शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण हुए लाभान्वित

# सुशासन तिहार से ग्रामीणों में शासन के प्रति बढ़ा विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विकासखंड कुरुद के ग्राम पंचायत सिवनीकला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सिवनीकला क्लस्टर में आयोजित इस शिविर में कुल 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था जिनमें सिवनीकला, सिर्री, गातापार (आ), कुल्हाड़ी, फुसेरा, दर्रा, खर्रा, संकरी, चिवरी, मरौद, अंटग, कोडेब्रोड़, धूमा, परसट्ठी एवं अछोटी प्रमुख रुप से शामिल रहे।

विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर के दौरान कुल 539 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 537 मांग संबंधी एवं 2 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल थे। प्राप्त मांगों में से 54 मांगों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इससे ग्रामीणों में शासन के प्रति विश्वास और संतोष का वातावरण देखने को मिला। मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़, जनपद सदस्य टेकराम साहू, जनपद पंचायत कुरुद की सदस्य श्रीमती सिंधु बैस, सिवनीकला सरपंच श्रीमती लता ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत कुरुद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन, बांध संभाग क्रमांक-02 रुद्री के कार्यपालन अभियंता एवं नोडल अधिकारी भूपेन्द्र कुमार मगेन्द्र, पंचायत विभाग के उपसंचालक नकुल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचगण उपस्थित थे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

### पात्र हितग्राहियों को मिला प्रमाण-पत्र



शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र, चेक, सामग्री, उपकरण एवं कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कुपोषण मुक्ति एवं पोषण जागरुकता के उद्देश्य से पोषण टोकरी योजना के तहत 4 हितग्राहियों को सामग्री प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से नील हरित कार्ड प्रदान किया गया। विद्युत विभाग ने समाधान योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए 3 हितग्राहियों को कार्ड वितरित किए वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" के तहत 4 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीणों को भूमि संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु 4 हितग्राहियों को बी-1 प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। श्रम विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत हितग्राही को चेक प्रदान कर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को 3 ट्रायसिकल उपकरण वितरित किए गए। सीईओ श्री ठाकुर ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

# ओडिशा के आदिम जाति कल्याण मंत्री ने किए कर्णेश्वर महादेव के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ओडिशा के आदिम जाति कल्याण मंत्री नित्यानंद गौड़ का आगमन कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुआ। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री गौड़ ने भगवान कर्णेश्वर महादेव के दरबार में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कर्णेश्वर धाम की आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक सुंदरता की सराहना भी की।

इस दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों से मुलाकात कर कर्णेश्वर धाम में संचालित धार्मिक एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। ट्रस्ट सदस्यों ने उन्हें श्रावण मास एवं माघी पूर्णिमा मेला की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता से अवगत कराया। मंत्री श्री गौड़ ने कर्णेश्वर धाम की ख्याति एवं यहां उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की आस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने श्रावण मास एवं माघी पूर्णिमा मेला में पुनः शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया तथा भविष्य में फिर से कर्णेश्वर धाम आने का वादा भी किया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, हनी कश्यप, रवि भट्ट समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# छूटे गांवों को ग्राम सर्वे में जोड़ने और नहर विस्तार पर बनी रणनीति

- जल्द ही प्रतिनिधि मंडल क्षेत्र के सांसद व वन मंत्री से मुलाकात करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सोंढूर नहर का विस्तार, वन विभाग से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने तथा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सर्वे में छूटे हुए गांवों को पुनः जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सबसे पहले सोंढूर नहर विस्तार योजना को लेकर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नहर विस्तार होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि जो ग्राम पंचायतें एवं गांव ग्राम सर्वे में छूट गए हैं, उन्हें संबंधित विभाग में जानकारी देकर पुनः जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर शिव परिहार, मानक साहू, दिनेश साहू, गौतम मरकाम, डेविड ठाकुर, शत्रुघ्न साक्षी, गिरवर मरकाम, बालकन्हैया, सहदेव साहू सहित सरपंचगण सियाराम नेताम, आरती सलाम, शारदा साक्षी, गजेंद्र मंडावी, कृति ध्रुव, उमेश्वरी नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### लंबित योजनाओं को मिलेगी गति

वन विभाग से एनओसी प्राप्त करने के संबंध में चर्चा हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए क्षेत्र के सांसद एवं वन मंत्री से मुलाकात कर आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि वन भूमि संबंधी अड़चनें दूर हो सकें और विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। वन विभाग की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की कई लंबित योजनाओं को गति मिलेगी।

## रक्तदान कर निभाया मानव सेवा का दायित्व

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के पार्षद अविनाश गौर बिट्टू ने एक बार फिर रक्तदान कर जनसेवा और मानवता का परिचय दिया। उन्होंने जरूरतमंद मरीज के लिए जिला अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान किया तथा लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि यह रक्तदान हरख जैन की विशेष प्रेरणा से किया गया। अविनाश गौर लंबे समय से जनजागरूकता एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं और समय-समय पर रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं।

# आंगनबाड़ी में लगी सुपोषण चौपाल, बच्चों का अन्नप्राशन



- निगम सभापति ने गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंबेडकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, पार्षद कुलेश सोनी, शैलेश रजक एवं भाजपा शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा कुंजाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार सामग्री का वितरण किया गया तथा छोटे बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनबाड़ी सहायका, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही एक मजबूत एवं समृद्ध समाज की नींव होते हैं। सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचना आवश्यक है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पार्षद कुलेश सोनी ने कहा कि बच्चों का सही पोषण केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। सुपोषण चौपाल जैसे कार्यक्रम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।

# मरादेव मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण, जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बनेगा डोम शेड

- महापौर रामू रोहरा बोले : शहर के सभी वार्डों में समान रूप से हो रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पोस्ट ऑफिस वार्ड



जालमपुर वार्ड

नगर पालिक निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में जनहित एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया।

पोस्ट ऑफिस वार्ड में मरादेव मंदिर की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य लागत 2.80 लाख रुपये, गिरधर पटेल घर से सोनकर फार्म हाउस तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 4.55 लाख रुपये का भूमिपूजन किया गया। वहीं जालमपुर वार्ड स्थित दीवान तालाब जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 3.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले डोम शेड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि विजय मोटवानी, वार्ड पार्षद श्रीमती चंद्रभागा साहू एवं संजय देवांगन थे।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल एवं धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा, वहीं सीसी रोड एवं डोम शेड निर्माण जैसे कार्य आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। मौके पर एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर, पार्षद संतोष सोनकर, अज्जू देशलहरे, शैलेश रजक, कविंद्र जैन, रोहिताश मिश्रा, गौरव मगर, नंदू लोधी, रूक्मणि सोनकर, चंद्रकला पटेल, भागवत देवांगन, देवेंद्र देवांगन, विष्णु सिन्हा, राकेश देवांगन, प्रकाश देवांगन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव एवं मोहन से ध्रुव ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सामाजिक, शैक्षणिक एवं आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

श्री ध्रुव ने दोनों मुख्यमंत्रियों को आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक विकास से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में अधिक अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, ताकि समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

मुलाकात के दौरान सामाजिक संगठनों की भूमिका, जनजातीय परंपराओं के संरक्षण तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। दोनों मुख्यमंत्रियों ने समाज के विकास एवं जनकल्याण के लिए सकारात्मक पहल जारी रखने की बात कही।

श्री ध्रुव ने कहा कि जनजातीय समाज के हितों को लेकर लगातार प्रयास किए जाते रहेंगे तथा समाज की समस्याओं और मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का कार्य जारी रहेगा।

## उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 29 तक

**धमतरी।** नगर निगम क्षेत्र के रिसाईपारा पूर्व वार्ड क्रमांक 30 और जालमपुर वार्ड क्रमांक 17 में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 मई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां ही पात्र हैं। सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह का आवेदन तिथि के दो माह पूर्व पंजीकृत एवं कार्यरत हो, आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट देवनागरी लिपि में पूरी तरह से भरा हुआ एवं सभी प्रमाण पत्र, दस्तावेजों की छायाप्रति तथा संस्था का पदमुद्रा (सील) सहित व हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद मिले आवेदन विचार योग्य नहीं होंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

/sanjeevanicancercarehospital
संज़ीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल से अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ की सेवा – अब धमतरी में



DR. ADAMYA GUPTA
HEMATO-ONCOLOGIST, BMT PHYSICIAN
13 मई, 2026
सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सिद्धिविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल, अंबेडकर चौक के पास, रुद्री रोड, धमतरी, छ.ग.
ब्लड कैंसर के 5 लक्षण जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए
• लगातार थकान और कमजोरी
• बार-बार बुखार या संक्रमण होना
• बिना वजह वजन कम होना
• सूजी हुई लसीका ग्रंथियाँ (neck, armpit, groin)
• आसानी से खून बहना या चोट लग जाना
अपॉइंटमेंट बुकिंग हेतु संपर्क करें:
9981321524, 9300255751
SANJEEVANI CANCER CARE HOSPITAL
In Front of Jain Mandir, Dawda Colony, Pachpedi Naka, Raipur, CG

## खबर संक्षेप




### सेजेस बठेना में 13 को निकलेगी लॉटरी

**धमतरी।** पीएम श्री मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 13 मई को लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह चयन प्रक्रिया सुगह 10 बजे से शुरू होगी। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों एवं आवेदकों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने की अपील की है। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रणाली के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी ।

### सहकारी समिति बोड़रा अब ड्रोन तकनीक से भरेगी विकास की उड़ान : चिरौंजी लाल



**धमतरी।** सहकारी समिति बोड़रा (पुरी) अब आधुनिक तकनीक के साथ विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रही है। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष चिरौंजी लाल साहू के नेतृत्व में समिति ने खाद-बीज वितरण, ऋण प्रदाय और वसूली कार्य समय पर पूर्ण कर लाभ की स्थिति हासिल की है। कर्मचारियों को नियमित वेतन मिलने के साथ समिति भवन में बैरिकेडिंग, दरवाजा एवं सजावट का कार्य भी कराया गया है। किसानों के बैठने और शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था होने से किसान काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। समिति ने किसानों को कीटनाशक एवं खरपतवार नियंत्रण में मजदूरों की कमी से राहत दिलाने के लिए ड्रोन खरीदा है। ड्रोन संचालन प्रशिक्षण हेतु समिति कर्मचारी को गुरुग्राम, हरियाणा भेजा जा रहा है। इस वर्ष अन्य समितियों की तुलना में कम सूखत आने से बेहतर लाभ की उम्मीद जताई जा रही है। श्री साहू ने कहा कि किसानों, विभाग और कर्मचारियों के सहयोग से समिति आने वाले वर्षों में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

### जहर सेवन से महिला की मौत, कारण अज्ञात

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम आनंदपुर थाना पुरुर निवासी रजनी महार पति राधेश्याम उम्र 50 वर्ष रविवार की सुबह घर पर अकेली थी। पति काम करने होटल चला गया था। इसी दौरान महिला घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवनकर तड़प रही थी। यह देख पड़ोसी प्रमोद ने होटल जाकर पति राधेश्याम को जानकारी दी। पति जब घर पहुंचा तो महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। वह बेहोश हो गई थी। संजीवनी 108 की मदद से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान रविवार की शाम महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# अचारी आम की बाजार में बढ़ी मांग, 20 से 40 रुपये किलो बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी का मौसम आते ही घरों में आम का अचार बनाने की परंपरा फिर से शुरू हो गई है। इसके साथ ही शहर के बाजारों में अचारी आम की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। महंगाई के बावजूद लोग बड़ी मात्रा में अचारी आम की खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में इन दिनों सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। खासकर गृहिणियां अपनी जरूरत और बजट के अनुसार आम खरीदकर अचारी बनाने की तैयारी में जुट गई हैं।

## गर्मी बढ़ते ही घरों में शुरू हुई आचार बनाने की तैयारी

### कटे हुए आम और मसालों की सुविधा से बढ़ी सहूलियत

अचार बनाने को आसान बनाने के लिए कई विक्रेता ग्राहकों को कटे हुए आम भी उपलब्ध करा रहे हैं। मामूली मेहनताना लेकर आम को अचार के आकार में काटकर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को घर में काटने की परेशानी नहीं उठानी पड़ रही। इसके अलावा बाजार में अचार के रेडिमेड मसाले भी आसानी से उपलब्ध हैं। इससे गृहिणियों को अचार तैयार करने में काफी सुविधा हो रही है।



### भोजन का स्वाद बढ़ा रहा आम का अचार

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में आम का अचार भोजन का स्वाद कई गुना बढ़ा देता है। केशव सिन्हा, प्रहलाद साहू और गिरधर ने बताया कि खाने की थाली में अचार का एक टुकड़ा भी स्वाद को खास बना देता है। यही वजह है कि हर वर्ग के लोग इस मौसम में अचार बनाना पसंद करते हैं। आने वाले दिनों में आम की आवक बढ़ने के साथ बाजार में रौनक और बढ़ने की उम्मीद है।

फुटकर विक्रेताओं ने बताया कि फिलहाल स्थानीय स्तर पर अचारी आम की आवक कम है, जिसके कारण कीमत में बढ़ोतरी बनी हुई है। बाजार में आम की गुणवत्ता और आकार के अनुसार 20 से 40 रुपये प्रति किलो तक बिक्री हो रही है। विक्रेता नरेश सोनकर, सोहन पटेल और कमलेश पटेल ने बताया कि आने वाले दिनों में लोकल आवक बढ़ने पर दामों में कमी आने की संभावना है। वर्तमान में लोग स्वाद और जरूरत के अनुसार छोटे-बड़े आकार के आम खरीद रहे हैं।

गर्मी में बढ़ा पानी पाऊच का कारोबार

# बिना एक्सपायरी डेट वाला बोतलबंद पानी बन रहा खतरा, जांच व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भीषण गर्मी के बीच जिले में बोतलबंद पानी और पानी पाऊच की मांग कई गुना बढ़ गई है। लोगों की प्यास बुझाने के नाम पर बाजार में बड़ी मात्रा में ऐसे पानी पाऊच बेचे जा रहे हैं, जिन पर न तो निर्माण तिथि अंकित है और न ही एक्सपायरी डेट।

विशेषज्ञों के अनुसार बिना तारीख वाले पैकेज्ड पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की कार्रवाई बेहद सीमित नजर आ रही है। शहर सहित जिलेभर में 20 से अधिक वाटर प्लांट संचालित हो रहे हैं, जहां से प्रतिदिन हजारों पाउच बाजार में पहुंच रहे हैं। बिना एक्सपायरी डेट वाले पानी पाऊच खुलेआम बिकने के बावजूद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। व्यापारियों और उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग केवल औपचारिक जांच तक सीमित है। अब तक कितने वाटर प्लांट से पानी के सैंपल लिए गए और उनकी रिपोर्ट क्या रही, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। यही वजह है कि विभाग की जांच प्रक्रिया खुद जांच के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित जांच और सख्त कार्रवाई हो, तो बाजार में इस तरह के उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई सवालों के घेरे में



### व्यापारियों ने लगाए भेदभावपूर्ण कार्रवाई के आरोप

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की हालिया कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई है। व्यापारियों का आरोप है कि विभाग केवल चुनिंदा दुकानों को निशाना बना रहा है, जबकि बड़े स्तर पर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही। उनका कहना है कि यदि नियमों का पालन सुनिश्चित करना है, तो सभी व्यापारियों और प्लांट संचालकों के लिए समान मापदंड अपनाए जाने चाहिए। निष्पक्ष जांच के बजाय चुनिंदा प्रतिष्ठानों पर दबाव बनाना उचित नहीं है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि कार्रवाई पारदर्शी और तथ्य आधारित होनी चाहिए, ताकि किसी के साथ भेदभाव की स्थिति निर्मित न हो।

### पहले भी हुई कार्रवाई लेकिन अब तक नहीं आई रिपोर्ट

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विभाग ने बिना एक्सपायरी डेट वाले कुछ पानी पाऊच जब्त कर उनके सैंपल जांच के लिए लैब भेजे थे। हालांकि अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर बालोद जिले की एक पानी पाऊच कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलने पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उत्पाद के विक्रय पर रोक लगा दी थी और लाइसेंस भी निरस्त कर दिया था। ऐसे में धमतरी जिले में लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन जनस्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर सख्त कदम उठाता है या फिर कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह जाती है।

### सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बिना मानक और बिना एक्सपायरी तारीख वाले पानी का सेवन कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। दूषित पानी से पेट संक्रमण, उल्टी-दस्त, टायफाइड और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में लोग तेजी से पानी पाऊच खरीदते हैं, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता पैकेजिंग की जानकारी देखे बिना ही उपयोग कर लेते हैं। ऐसे में असुरक्षित और अमानक पानी लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। आम नागरिकों ने प्रशासन से नियमित जांच अभियान चलाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व जनपद सदस्य पर तीसरी बार हुआ जानलेवा हमला

- मधुबन धाम रांकाडीह का मामला आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मधुबन धाम रांकाडीह जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के पूर्व जनपद सदस्य थनेंद्र तारक पिता उदेराम तारक उम्र 46 वर्ष पर 10 मई 2026 रविवार की रात्रि 11:30 बजे जानलेवा हमला हुआ है। प्रार्थी थनेंद्र तारक ने 11 मई सोमवार को थाने में लिखित आवेदन किया है। पूर्व जनपद सदस्य थानेदार तारक ने बताया कि 10 मई रविवार की रात्रि लगभग 11.30 बजे आरोपी ठुमुक राम उर्फ ठुमेश्वर पिता राधेश्याम तारक सीढ़ी के माध्यम से घर के अंदर प्रवेश कर चाकू से जानलेवा हमला किया। आवाज पाकर परिवार के लोग जाग गए। आरोपी को धर दबोचकर रस्सी से बांधा गया। थाना मगरलोड को फोन के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपी से पूछताछ की। आरोपी को कोटवार और उसके परिवार के सुपुर्द कर दूसरे दिन थाना लाने कहा गया। घटना के दूसरे दिन 11 मई सोमवार को प्रार्थी ने लिखित आवेदन किया। आरोपी को दूसरे दिन कोटवार और उसके परिवार जनों ने थाना नहीं लाया। इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रही है।

प्रार्थी थनेंद्र तारक ने लिखित आवेदन कर बताया कि वह जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 राकांडीह का 2019 से 2025 तक जनपद सदस्य रहा। 21 फरवरी 2023 को आरोपी ठुमुक राम उर्फ ठुमेश्वर पिता राधेश्याम तारक ने धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। गर्दन के ऊपर गंभीर चोट आने के कारण एक माह अस्पताल में भर्ती था। आरोपी को इस मामले में जेल भी हुआ था। 1 दिसंबर 2024 को आरोपी ने दूसरी बार घर घुसकर जान लेवा हमला करने का प्रयास किया था। 10 मई को तीसरी बार जानलेवा हमला किया।

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रमोद अमलतास ने कहा कि प्रार्थी ने 10 मई की रात्रि में फोन कर घटना की जानकारी दी। तत्काल पुलिस स्टाफ को घटनास्थल भेजा गया। दूसरे दिन सुबह कोर्ट काम से कुरूद चला गया।

विवेचना अधिकारी एसआई दक्ष कुमार साहू ने कहा कि आरोपी के संबंध में ग्राम कोटवार तथा उनके परिवारवालों ने बताया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दूसरे दिन आरोपी को थाना लाने की जिम्मेदारी दी गई। दूसरे दिन मैं कोर्ट काम से कुरूद चला गया। आरोपी को नहीं लाया गया है। मुझे जानकारी नहीं है।

# निजी हॉस्पिटल से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जलभराव और संक्रमण का खतरा बढ़ा

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एक निजी हॉस्पिटल की कथित लापरवाही से आसपास के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल से निकलने वाला गंदा और बैक्टीरिया युक्त पानी खुलेआम सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में बदबू, जलभराव और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि शिकायतों के बावजूद अस्पताल प्रबंधन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है।

रहवासियों के अनुसार अस्पताल का दूषित पानी सीधे छोटी नाली में छोड़ा जा रहा है। नाली संकरी होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैलने लगा है। सड़क पर कई जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनमें गंदा पानी जमा हो रहा है। लोगों का कहना है कि इस पानी में बैक्टीरिया और सूक्ष्म कीटाणु पनप रहे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बदबू के कारण आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।



### उखड़ गई सड़क राहगीरों को हो रही परेशानी

लगातार जलभराव के कारण सड़क का डामर उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक गड्ढों में फिसलते-फिसलते बच रहे हैं। राहगीरों ने बताया कि सड़क पर बहते गंदे पानी के छींटों से कपड़े खराब हो रहे हैं और क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

### शिकायत के बाद भी नहीं जागा अस्पताल प्रबंधन

स्थानीय लोगों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार अस्पताल प्रबंधन को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मामले की जांच कर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और गंदे पानी के उचित निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# सेवा से पृथक सुरक्षाकर्मियों ने लगाया शारीरिक एवं मानसिक शोषण का आरोप



- स्वतंत्र समिति से जांच की मांग कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल में कार्यरत 25 सुरक्षाकर्मियों ने सेवा से पृथक करने के मामले में उच्चस्तरीय जांच एवं सेवा बहाली का आवेदन कलेक्टर को दिया है। सोमवार को सुरक्षाकर्मी कोमेश कुमार, फनेश्वरी ध्रुव, भुनेश्वरी सेन, चित्ररेखा साहू, ललिता साहू आदि ने आवेदन में कहा है कि सिविल सर्जन ने जिला अस्पताल में कार्यरत सभी 25 सुरक्षाकर्मी को सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया है, जो उनके साथ अन्याय और मौलिक अधिकारों का हनन है।

सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि सुरक्षा दायित्वों के लिए नियुक्त होने के बावजूद उनसे अस्पताल प्रशासन उनसे वार्ड बॉय का काम, मरीजों की शिफ्टिंग, दवा स्टोर्स से सामान लाना, नाश्ता बंटवाना, साफ सफाई का कार्य करवाना, आभा आईडी बनाने जैसे तकनीकी कार्य करवाए गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने उन पर लगे आरोपों की सफाई देते हुए कहा है कि कुछ सुरक्षाकर्मी लाइवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षित हैं। एकसाथ 25 परिवारों को बिना ठोस कारण के सेवा से हटाना मानवीय नहीं है। कंपनी का कार्यकाल समाप्त होना गार्डों को हटाने का बहाना है। उन्होंने अपने साथ हुए मानसिक, शारीरिक शोषण और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र समिति से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# बगौद में पेयजल संकट गहराया



**अंवरी।** ग्राम बगौद में लगातार गिरते जलस्तर और फूड पार्क स्थित उद्योगों द्वारा अवैध बोर खनन के विरोध में आम आदमी पार्टी कुरूद इकाई ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कुरूद को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बगौद स्थित फूड पार्क में संचालित विभिन्न इंडस्ट्रीज को पानी उपयोग के लिए पहले से पाइपलाइन और पानी टंकी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, इसके बावजूद कई उद्योग परिसर के भीतर बोर खनन कर रहे हैं। इससे गांव का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है और ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी उद्योगों पर कार्रवाई करने तथा अवैध बोर खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष ललित नगारची, महासचिव पुरोहित बंजारे, जिला उपाध्यक्ष थानेस निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिन्हा भखारा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

# बालोद में 8 प्राचार्यों के निलंबन से फेडरेशन में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला धमतरी की बैठक 11 मई को आयोजित की गई, जिसमें बालोद कलेक्टर द्वारा 8 प्राचार्यों के निलंबन की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन पदाधिकारियों ने कहा कि बिना समुचित जांच और संबंधित पक्ष को सुने इस प्रकार की कठोर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। इससे कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हुआ है।

बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि प्राचार्य शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और किसी भी प्रशासनिक त्रुटि के समाधान के लिए संवाद एवं सुधारात्मक प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। फेडरेशन ने शासन और प्रशासन से निलंबन आदेशों की पुनः समीक्षा कर न्यायोचित निर्णय लेने तथा कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि इस प्रकार की एकतरफा कार्रवाई जारी रही तो कर्मचारी संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, अमित महोबे, एनआर टंडन, वासुदेव भोई, विकास साहू, नंद किशोर साहू, विनोद ठाकुर सहित अन्य जिलाध्यक्ष उपस्थित थे।










